**Regarding establishment of Jain Board for preservation of Jain pilgrimage centres and culture**

**श्री उज्ज्वल रमण सिंह (इलाहाबाद) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान जैन समुदाय के पवित्र पूजा स्थल गिरनार पर्वत की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ ।

जैन समाज अति अल्पसंख्यक है । जैन समाज का हमेशा से ही राष्ट्र-निर्माण में अहम योगदान रहा है । जैन धर्म के अनुयायियों पर किस न किसी रूप से प्रहार किया जाता रहा है । गिरनार पर्वत की पाँचवीं टॉप, जो जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ की मोक्ष स्थली है । वहाँ पर भगवान नेमिनाथ के मोक्ष कल्याणक दिवस, 13 जुलाई को जैन समाज के लोगों को निर्वाण लाड्डू चढ़ाने से रोका गया । भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ कमेटी के सदस्यों ने बताया कि पूजा-अर्चना की सामग्री- बादाम आदि भी रोकी जा रही है ।

मैं आपके माध्यम से, सरकार से पुरजोर अपील करता हूँ कि जैन समुदाय के धर्म तीर्थ और संस्कृति को संरक्षित और सुरक्षित करने के लिए जैन बोर्ड की स्थापना की जाए ।

धन्यवाद ।